>

Title: Need to provide adequate compensation to the farmers whose lands have been acquired for laying gas and oil pipelines in Jamnagar, Gujarat.

श्री विक्रमभाई अर्जनभाई मादम (जामनगर): गुजरात में जामनगर जिले के भोगात गांव में केर्न इंडिया लिमिटेड कंपनी द्वारा गैस और क्रूड ऑयल पाइप लाईन डालने एवं गैस और क्रूड ऑयल को स्टोर करने के लिए टर्मिनल और जेटी बनाने का कार्य चल रहा है।

इस कार्य के लिए केर्न इंडिया लिमिटेड कंपनी ने 750 एकड़ से भी अधिक जमीन का अधिग्रहण किया है जिसके लिए प्रति एकड़ 8 लाख रूपये मुआवजा दिया जाना है लेकिन अभी किसानों को जो मुआवजा दिया जा रहा है, वह 6.25 लाख से 7.25 लाख रूपए है और 12-15 गांव के किसानों को मुआवजा नहीं दिया गया। गुजरात में ही हर एक क्षेत्र का मुआवजा अलग-अलग दिया जा रहा है। जबकि प्रोजेक्ट एक ही है और सभी जमीन भी।

गांव के आसपास के क्षेत्र एवं किसानों की जमीन का कंपनी अपने कार्य के लिए इस्तेमाल कर रही है, जिससे गांव के लोगों को काफी समस्यायें आ रही हैं।

मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा दिलाया जाये।